Title: Request to provide Rs. Fifteen crore aid to restart the closed unit of the Cement Corporation of India at Nimach, Madhya Pradesh.

डॉ.लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के नीमच जिले में सी.सी.आई. - सीमेंट कार्पोरेशन इंडिया द्वारा संचालित एक सीमेंट इकाई है जो बिजली के कट जाने से बंद पडी हुई है। हजारों श्रमिकों के समक्ष आजीविका का प्रश्न है । यदि केन्द्रीय शासन उसको 15 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये तो वह सीमेंट फैक्टरी जो मुनाफे में चल रही थी, पुनः चल सकती है और इस समय गुजरात में भूकम्प के कारण जो विनाशकारी लीला हुई है, उस इकाई में सीमेंट का उत्पादन करते हुए वहां भी सहायता हो सकती है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि सीमेंट फैक्टरी को चलाने के लिए तुरंत ही 15 करोड़ रुपये की व्यवस्था की जाये।